प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र शिमला में जारी–नियम–62 के तहत विधायक इंद्रदत लखनपाल और केवल सिंह पठानिया लाएंगे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
- जनगणना 2027 का पहला चरण आज से शुरू–प्रमुख कर और बैंकिंग सुधार भी आज से होंगे लागू।
- एंट्री टैक्स पर चल रहे गतिरोध के बीच प्रदेश सरकार ने बाहरी राज्यों की 5 से 12 सीटर निजी वाहनों के प्रवेश शुल्क को घटाया
- कुल्लू जिला में ट्राउट मछली पालन कई परिवारों के लिए बन रहा स्वरोजगार का साधन

विधानसभा

प्रदेश की 14वीं विधानसभा के 11वें सत्र में आज प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

*बजट सत्र में आज सतापक्ष व विपक्ष के विधायकों द्वारा 19 प्रश्नों के उत्तर पूछे जाएंगे, जिनमें मुख्यतः कचरा प्रबंधन, खाली पदों को भरने, वेतन भत्ते व पेंशन, दूध खरीद, करूणामूलक नियुक्तियां, बस रूट, बंदोबस्त और मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य मुद्दे शामिल रहेंगे। सदन में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति भी सभा पटल पर रखेंगे। इसके अलावा नियम–62 के तहत विधायक इंद्रदत लखनपाल और केवल सिंह पठानिया ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाएंगे। वहीं, नियम 130 के तहत विधायक जीत राम कटवाल और नियम 61 के तहत विधायक बिक्रम सिंह और सतपाल सिंह सत्ती अपने–अपने विषय उठाएंगे। सदन में 3 सरकारी विधेयकों को पुर्नस्थापित और एक विधेयक को चर्चा के उपरांत पारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं प्रियंका ठाकुर*

जनगणना 2027

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू होगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इसके लिए 1 मार्च, 2027 को संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। यह स्व–गणना आज से इस महीने की 15 तारीख तक चलेगी। मकान सूचीकरण और आवास जनगणना 16 अप्रैल से शुरू होकर 15 मई तक जारी रहेगी। मकान सूचीकरण में सभी भवनों और संरचनाओं की सूची तैयार की जाएगी व आवासीय स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपतियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। भवनों की जियो–टैगिंग भी की जाएगी और प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी।

देशभर में इस कार्य के लिए तीस लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं। साथ ही, नागरिक सोलह भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे। बर्फबारी वाले क्षेत्रों जैसे हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, जम्मू–कश्मीर और उत्तराखंड के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है।

<u>वितीय नियम बदलाव</u>

आज से नए वितीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही, वितीय नियमों में महत्वपूर्ण बदलावों सहित कई सुधार लागू हो गए हैं।

<u>पंचायत चुनाव आरक्षण</u>

प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए रोस्टर व्यवस्था में संशोधन का अधिकार जिला उपायुक्तों को दे दिया है। संशोधित नियमों के तहत 95 प्रतिशत पंचायतों का आरक्षण नियमों के तहत होगा, जबकि 5 प्रतिशत पंचायतों में उपायुक्त भोगौलिक व अन्य वशिष्ठ परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण रोस्टर बदल सकेंगे। पंचायती रात विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब उपायुक्त विशेष परिस्थितियों में पंचायतों के रोस्टर में सीमित बदलाव कर सकेंगे। सरकार ने पंचायती राज चुनाव संशोधन नियम 2026 लागू कर दिए हैं। इसके तहत ग्राम पंचायतों के सदस्यों, प्रधानों और पंचायत समिति अध्यक्षों के रोस्टर में अधिकतम पांच प्रतिशत तक परिवर्तन करने का प्रावधान किया गया है।

<u>एंट्री टैक्स</u>

एंट्री टैक्स पर चल रहे गतिरोध के बीच प्रदेश सरकार ने बाहरी राज्यों की 5 से 12 सीटर गाड़ियों के प्रवेश शुल्क को कम कर दिया है। नई दरों के अनुसार आज से हिमाचल पहुंचने वाली पांच से 12 सीटर क्षमता वाले निजी वाहनों को अब 100 रूपये प्रवेश शुल्क चुकाना होगा। इससे पहले पांच सीटर वाली गाड़ी को 70 जबकि 12 सीटर गाड़ी को 110 रूपये शुल्क चुकाना पड़ रहा था। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने बीते दिनों इन दोनों श्रेणियों की गाड़ियों के प्रवेश शुल्क को बढ़ाकर 130 रूपये कर दिया था, जिसका लगातार विरोध हो रहा था।

<u>सिकंदर कुमार</u>

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य देशभर के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सामुदायिक अवसंरचना का सृजन करना है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में हिमाचल प्रदेश में अल्पसंख्यकों के लिए विकास व कल्याणकारी पहलों संबंधी सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान हिमाचल प्रदेश के लिए पी.एम.जे.वी.के. के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी भी सदन में प्रस्तुत की।

<u>ट्राऊट मछली</u>

कुल्लू जिला में ट्रॉउट मछली पालन स्वरोजगार का एक मजबूत और लाभकारी माध्यम बनकर उभर रहा है। वर्तमान में यहां एक सौ से अधिक ट्रॉउट यूनिट संचालित हो रही हैं, जिससे कई परिवारों को आजीविका मिल रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता

*इनमें से दो–तीन यूनिट ट्रॉउट बीज का उत्पादन भी कर रही हैं और हिमाचल प्रदेश के साथ–साथ अन्य पहाड़ी राज्यों को भी बीज की आपूर्ति कर रही हैं। इससे क्षेत्र में मत्स्य पालन को नई पहचान मिली है। ट्राऊट का उत्पादन बिलकुल ठन्डे पानी में होता है तथा यह अपने औषधीय गुणों के लिए*

*भी जानी जाती है स हाल ही में प्रदेश सरकार ने राज्य में 100 नई ट्रॉउट यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस पहल से युवाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। वही यहां की ट्राऊट बहुत ही मशहूर है तथा इसकी प्रदेश के बाहरी राज्यों में अच्छी खासी मांग है स मनाली घूमने आने वाला मछली का शौकीन पर्यटक इसका स्वाद लेना नहीं भूलता है। आकाशवाणी समाचार के लिए कुल्लू से मैं आशीष शर्मा।*

<u>सौंदर्यकरण</u>

चंबा नगर के सौंदर्यकरण के लिए नगर परिषद ने विशेष अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में ऐतिहासिक चौगान मैदान की सुंदरता और नगर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए परिषद ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। चौगान के सौंदर्यीकरण के तहत यहां हरियाली को बढ़ाया जाएगा और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे जिससे सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी। नगर परिषद चम्बा की वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल ने बताया कि चंबा नगर को स्वच्छ रखने के लिए कई पग उठाए जा रहे हैं और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीती रात कहीं–कहीं आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज व कल पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश व बर्फबारी का अनुमान जताया है, जबकि मैदानी इलाकों में मौसम के साफ रहने का अनुमान है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–बंधित–प्रतिबंधित सड़कों की परमिट फीस 5 गुना बढ़ेगी–शिमला में बिना परमिट प्रतिबंधित रोड पर गाड़ी चलाई तो 10 हजार तक जुर्माना, 15 दिन तक कैद। दैनिक जागरण के शब्द हैं–यात्री वाहनों का प्रवेश शुल्क घटा, पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले पड़ोसी राज्यों के लोगों को मिलेंगे रियायती पास। जबकि दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–छोटी गाड़ियों पर पुराना ही शुल्क। दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–हिमकेयर व आयुष्मान योजनाओं में फिलहाल नहीं जुड़ेंगी रोबोटिक सर्जरी। प्रदेश हाईकोर्ट से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–7 अप्रैल तक पंचायतों का आरक्षण रोस्टर जारी करने के आदेश। जबकि हिमाचल दस्तक का कहना है–आरक्षण रोस्टर में डीसी को मिली पांच प्रतिशत बदलाव की पावर।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र शिमला में जारी–नियम–62 के तहत विधायक इंद्रदत लखनपाल और केवल सिंह पठानिया लाएंगे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

- जनगणना 2027 का पहला चरण आज से शुरू–प्रमुख कर और बैंकिंग सुधार भी आज से होंगे लागू।

- एंट्री टैक्स पर चल रहे गतिरोध के बीच प्रदेश सरकार ने बाहरी राज्यों की 5 से 12 सीटर निजी वाहनों के प्रवेश शुल्क को घटाया

- कुल्लू जिला में ट्राउट मछली पालन कई परिवारों के लिए बन रहा स्वरोजगार का साधन